**प्रेस विज्ञप्ति**

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–20.10.2023 (सं0–343)

## <u>पुलिस संस्मरण दिवस–2023</u>

- पुलिस संस्मरण दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका ऐतिहासिक प्रसंग यह है कि 21 अक्टूबर 1959 में भारत चीन सीमा पर लद्दाख की बर्फीली उँचाईयों पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी पर चीनी आक्रमणकारियों द्वारा किये गये हमले में 10 बहादुर जवान अंतिम साँस तक लड़ते हुये शहीद हो गये थे।
- वर्ष 1961 के पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में उक्त संस्मरणीय कर्तव्य निर्वहन के परिप्रेक्ष्य में यह निर्णय लिया गया था कि प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाएगा। तभी से यह गौरवपूर्ण परम्परा नियमित रूप से निभाई जा रही है।
- अतः प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 2023 में भी **पुलिस संस्मरण दिवस का कार्यक्रम कल दिनांक 21.10.2023 को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–5, पटना परिसर में प्रातः 07.10 बजे से आयोजित किया जा रहा है।** इस कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, बिहार सहित पटना में पदस्थापित भारतीय पुलिस सेवा के सभी पदाधिकारियों द्वारा शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया जायेगा।
- <u>भारत सरकार से प्राप्त अधिकारिक आँकड़ों के आधार पर देष के विभिन्न राज्यों में दिनांक 01.09.2022 से 31.08.2023 तक कर्तव्य निर्वहन के क्रम में कुल–189 पदाधिकारी/कर्मी शहीद हुए हैं, जिसमें बिहार पुलिस के शहीद हुए कुल–08 पदाधिकारियों/कर्मियों की सूची साथ संलग्न है</u>ः–

1. पुलिस अवर निरीक्षक स्व0 मो0 अब्बास।
2. पुलिस अवर निरीक्षक स्व0 नन्द किशोर यादव।
3. सहायक पुलिस अवर निरीक्षक स्व0 सतीश कुमार।
4. सहायक पुलिस अवर निरीक्षक स्व0 भुवनेश्वर सिंह।
5. सिपाही स्व0 राजेश कुमार।
6. सिपाही स्व0 विक्रान्त भारती।
7. सिपाही स्व0 बाल्मीकि कुमार।
8. सिपाही स्व0 रवीश भारती।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त शहीदों के अतिरिक्त **वर्ष 2023 के माह अक्टूबर में कर्तव्य निर्वहन के क्रम में बिहार पुलिस के सिपाही स्व0 अमिता बच्चन** भी शहीद हुए हैं।

- वर्ष 1947 से 2022 तक बिहार पुलिस के 1220 पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य निर्वहन के क्रम में शहीद हुये हैं।

| क्र0सं0 | पदक्रम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक | 4 |
| 2 | पुलिस उपाधीक्षक | 6 |
| 3 | पुलिस निरीक्षक | 15 |
| 4 | पुलिस अवर निरीक्षक | 159 |
| 5 | सहायक पुलिस अवर निरीक्षक | 99 |
| 6 | हवलदार | 176 |
| 7 | सिपाही | 761 |
| कुल | | 1220 |

XXXXXXX

# पुलिस संस्मरण दिवस

**21 अक्टूबर 2023**

## कर्त्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले बिहार पुलिस के जाँबाज



पु0अ0नि0—नन्द किशोर यादव
जन्म तिथि—15.02.1976
शहादत की तिथि—15.08.2023

पता—ग्राम—करोल दिघली, पो0—कंखुदिया, थाना—पलासी, जिला—अररिया

समस्तीपुर के मोहनपुर ओ०पी० प्रभारी के रूप में पदस्थापित, कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपराधियों के साथ हुए मुठभेड़ में गोली लगने से वीरगति को प्राप्त हो गए।



सिपाही— बाल्मिकी कुमार
जन्म तिथि—20.10.1982
शहादत की तिथि—07.09.2022

पता—ग्राम—जिलाल बिगहा, पो0—रेवा, थाना—मसौढ़ी, जिला—पटना

सिवान के सिसवन थाना अंतर्गत गश्ती/विशेष छापेमारी के दौरान अपराधियों के साथ हुए मुठभेड़ में गोली लगने के कारण सदर अस्पताल, सिवान में इलाज के दौरान दिनांक— 07.09.22 को ये शहीद हो गए।



पु0अ0नि0—मो0 अब्बास
जन्म तिथि—06.06.1967
शहादत की तिथि—18.06. 2023

पता—ग्राम—सुगाबालपुर, पो0—शंकरपुर, थाना—मुफ्फसिल, जिला—मुंगेर

नवादा जिले के वारिसलीगंज था ना से सरकारी कार्य हेतु मुफसिल थाना जाने के क्रम में दुर्घटना हो जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। बेहतर इलाज हेतु उन्हें आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी में दाखिल किया गया, जहां ईलाज के दौरान दिनांक 18.06.2023 को शहीद हो गए।



सहायक अवर निरीक्षक— भुनेश्वर सिंह
जन्म तिथि—10.02.1978
शहादत की तिथि—09.07.2023

पता—ग्राम—विशनपुरा, पो0—सकलडिहा, जिला—चंदौली (उत्तर प्रदेश)

सिवान जिला अन्तर्गत हुसैनगंज थाना में पदस्थापन के दौरान छापामारी के क्रम में दिनांक—08.07.2023 को रात्रि में एक तेजगति से चालित ट्रक गश्ती दल के वाहन से टकराने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गये, ईलाज के दौरान दिनांक—09.07.2023 को शहीद हो गये।



सिपाही— विक्रांत भारती
जन्म तिथि—05.02.1992
शहादत की तिथि—08.11.2022
पता—ग्राम—बलिया कोठी, पो0—नासरीगंज, थाना— नासरीगंज, जिला—रोहतास

बक्सर जिला अंतर्गत सिकरौली थाना में पदस्थापन के दौरान दिनांक—05.11.2022 को पुलिस केन्द्र, बक्सर आने में कर्तव्य के दौरान बोलेरो वाहन द्वारा धक्का मार देने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गये तथा ईलाज के दौरान दिनांक—08.11.2022 को शहीद हो गये।



सिपाही— रविश भारती
जन्म तिथि—21.09.1996
शहादत की तिथि—22.05. 2023
पता—ग्राम—गुलाबीबा अलीगंज, पो0—मिरजान हॉट, थाना—मुजाहिदपुर, जिला—भागलपुर

नवादा जिला अन्तर्गत रजौली थाना में पदस्थापन के दौरान दिनांक—14.05.2023 को अभियुक्तों के गिरफ्तारी के क्रम में ट्रक चालक द्वारा गश्ती बोलोरो को जोरदार टक्कर होने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए, ईलाज के दौरान दिनांक— 22.05.2023 को शहीद हो गये।



सहायक अवर निरीक्षक— सतीश कुमार
जन्म तिथि—04.07.1972
शहादत की तिथि—11.04.2023
पता—ग्राम—धनाढ़ी, पो0—धनाढ़ी, थाना—दिलदार नगर, जिला—गाजीपुर (उ0 प्र0)

सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत चेरौत थाना में पदस्थापन के दौरान एक कैदी को भागलपुर कारा में पहुँचाकर कर्तव्य के दौरान नवगछिया जिला के परबत्ता थाना अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में दिनांक—11.04.2023 को शहीद हो गये।



सिपाही— राजेश कुमार
जन्म तिथि—11.11.1986
शहादत की तिथि—26.10.2022
पता—ग्राम—धरमपुर, पो0—पीरासिन डोभी, थाना—डोभी , जिला—गया

गोपालगंज जिला अन्तर्गत यादवपुर थाना में पदस्थापन के दौरान शराब माफिया के विरूद्ध छापामारी के क्रम में नदी में नाव दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण दिनांक—26.10.2022 को शहीद हो गये।

इस दिवस का ऐतिहासिक प्रसंग है कि आज ही के दिन 21 अक्टूबर वर्ष 1959 में भारत—चीन सीमा पर लद्दाख की बर्फीली ऊँचाई के बीच हॉट स्प्रिंग्स नामक स्थल पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक छोटी टुकड़ी पर चीनी आक्रमणकारियों ने अचानक हमला कर दिया। वहाँ देश की सीमा की रक्षा पर तैनात पुलिस के 10 (दस) बहादुर जवानों ने अंतिम साँस तक लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वर्ष 1961 के पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि 21 अक्टूबर को प्रति वर्ष पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाया जाय और तब से यह गौरवपूर्ण परम्परा नियमित रूप से निभायी जा रही है।

पिछले वर्ष 01.09.2022 से 31.08.2023 तक भारत में 189 (एक सौ नवासी) पुलिसकर्मियों ने कर्त्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी। हमारे राज्य बिहार में 08 (आठ) साथी भी वीरगति को प्राप्त हुएं।

दिनांक—21 अक्टूबर पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर कर्त्तव्य के दौरान बिहार पुलिस के उपरोक्त सभी शहीद पुलिस पदाधिकारी/ कर्मियों को बिहार पुलिस की तरफ से भावपूर्ण श्रद्धांजलि समर्पित।

प्रेस वार्ता

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–20.10.2023

## दिनांक 01.09.2022 से 31.08.2023 तक समस्त राष्ट्र में शहीदों की सूची

| क्र0सं0 | राज्य | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | आंध्र प्रदेश | 01 |
| 02 | अरुणाचल प्रदेश | 02 |
| 03 | असम | 02 |
| 04 | बिहार | 08 |
| 05 | छतीसगढ़ | 19 |
| 06 | गुजरात | 02 |
| 07 | हिमाचल प्रदेश | 07 |
| 08 | झारखण्ड | 02 |
| 09 | कर्नाटका | 16 |
| 10 | केरला | 02 |
| 11 | मध्यप्रदेश | 18 |
| 12 | महाराष्ट्रा | 06 |
| 13 | मणिपुर | 08 |
| 14 | नागालैण्ड | 02 |
| 15 | ओडिसा | 01 |
| 16 | पंजाब | 03 |
| 17 | राजस्थान | 01 |
| 18 | तमिलनाडु | 03 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 03 |
| 20 | उत्तराखण्ड | 04 |
| 21 | पं0 बंगाल | 04 |
| 22 | दिल्ली | 03 |
| 23 | जम्मू एण्ड कश्मीर | 08 |
| 24 | लद्दाख | 01 |
| 25 | असम रायफल्स | 01 |
| 26 | बी0एस0एफ0 | 22 |
| 27 | सी0आइ0एस0एफ0 | 01 |
| 28 | सी0आर0पी0एफ0 | 15 |
| 29 | आइ0टी0बी0पी0 | 05 |
| 30 | एस0एस0बी0 | 05 |
| 31 | एन0डी0आर0एफ0 | 01 |
| 32 | आर0पी0एफ0 | 13 |
| | कुल | 189 |